राज्य लोकसूचना अधिकारी
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण
नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा
गौतमबुद्ध नगर पिन 201308

40929
10/6/2022

विषय- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के लिए निवेदन।

महोदय,

मैंनें दिनांक 18-04-2022 को आपको स्पीड पोस्ट्स से एक पत्र भेजा था। इस पत्र में मैंने मैं.रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शन प्रा. लि.,GH-05, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश द्वारा बरती जा रही धोखाधड़ी के बारे में लिखा था। आपके कार्यालय ने उस पत्र का कोई उत्तर आज तक नही दिया।

कृपया मुझे निम्नलिखित सूचनाएं RTI एक्ट के अंतर्गत प्रदान करें-

1 कृपया मेरे द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 18 अप्रैल 2022 को स्पीड पोस्ट से भेजे गए पत्र पर की गई कार्यवाही का विवरण मुझे उपलब्ध कराएं।

2. मैं. रुद्रा बिल्डवेल कंस्ट्रक्शन प्रा लि. की हाउसिंग सोसायटी KBNOWS जैसा कि बताया गया यह सोसाइटी केंद्रीय भंडार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों की संस्था है, आपके रिकॉर्ड के अनुसार सूचित करें।

3. उपरोक्त विवरण में दिए गए नाम की कंपनी का GNOIDA में पंजीकरण की तिथि अवगत कराएं।

4. KBNOWS सोसाइटी के कुल क्षेत्रफल तथा इस पूरे प्लाट की खरीद कीमत अवगत कराएं।

5. KBNOWS सोसायटी में A, B, C, D चार टावर हैं, इस प्रोजेक्ट के शुरू होने की तिथि तथा प्रोजेक्ट पूरा होने की तिथि अवगत कराएं।

6. यदि प्रोजेक्ट निर्धारित समय मे पूरा न हुआ हो तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा बिल्डर के विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण प्रदान करें।

7.ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को इस कंपनी के फ्रॉड होने के बारे जब ज्ञात हुआ वह दिन, महीना और साल बताएं।

8. मैं.रुद्रा बिल्डवेल कॉन्सट्रक्टशन प्रा.लि. की ओर अथॉरिटी की देयता अवगत कराएं।

9.फ्लैंट का एरिया प्राधिकरण के नियमों के अनुसार कार्पेट एरिया है अथवा फ्लैट का बाहय क्षेत्र, कृपया अवगत कराएं।

10. प्राधिकरण ने बिजली, पानी, फायर फाइटिंग उपकरण, हरित क्षेत्र, पार्किंग तथा ठोस निर्माण आदि संबंधी कार्य के उपरांत कर्यपूर्णता अथवा प्राधिकरण द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र जो जारी किया हो उसकी तिथि तथा पत्रांक अवगत कराएं।

11. यदि ऐसा प्रमाण पत्र न दिया गया हो, तो जिन लगभग 50 लोगों को फ्लैट उपलब्ध कराए गए हैं उसका आधार बताएं।

12. मैं.रुद्रा बिल्डवेल कॉन्सट्रक्टशन प्रा. लिमिटेड द्वारा ग्राहकों से प्राप्त धन राशि का उपयोग अन्य स्थानों में प्रॉपर्टी खरीदने में किया गया है। यह तथ्य है। इस संदर्भ में प्राधिकरण द्वारा इस कंपनी का ऑडिट जब किया गया हो या ऑडिट करने की योजना हो वह तिथि अवगत कराएं।

13. प्राधिकरण यह जानकारी भी दे कि ऐसे कितने ग्राहक हैं जिन्होंने इस प्रोजेक्ट में निवेश किया लेकिन उन्हें फ्लैट नही मिला और वे दर दर भटक रहे हैं।

14. इस प्रोजेक्ट की लीज अवधि जिस तिथि से शुरू और जिस तिथि को पूरी होती है, वह अवधि बताएं।

RTI एक्ट के अनुसार निर्धारित शुल्क रुपये 10/- IPO संख्या। 1 5GF 395877 संलग्न है।

दिनांक 08 जून 2022

भवदीय

(signature) 8/6/2022

पार्थसारथि थपलियाल
D- 1033, 5th फ्लोर, गौरसिटी वन
ग्रेटर नोएडा वेस्ट
गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश पिन 201309

R.T.I. 20683
P/o- PROP
13.6.22

Reply Forward